हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, गुरुवार, 13 फरवरी 2025


तापमान

अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 9.0 डिग्री


10 जिलेभर में श्रद्धा से मनाई संत रविदास जयंती





10 सीबीएसई गुरु दक्षिता ट्रेनिंग का दूसरा सेशन शुरू




## खबर संक्षेप

### धोखाधड़ी का आरोपी दो दिन के रिमांड पर

**जींद।** पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने गांव खेड़ी तलोडा के व्यक्ति को विदेश भेजने का झांसा देकर छह लाख 80 हजार रुपये हडपने के एक आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत से दो दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। गांव खेड़ी तलौडा निवासी घनश्याम ने छह अगस्त 2024 को पुलिस को शिकायत दी थी।

### गाड़ी बीमा के फर्जी दस्तावेज तैयार करके 90 हजार हड़पे

**कैथल।** शहर पुलिस कैथल ने गाड़ी बीमा के फर्जी दस्तावेज तैयार कर 90000 हड़पने के आरोप में एक महिला सहित तीन व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। फतेहपुर के राम सिंह ने डीएसपी मुख्यालय को दी शिकायत में बताया था कि पुंडरी के ही हरप्रीत सिंह आदि ने फर्जी दस्तावेज तैयार करते इंश्योरेंस कंपनी से 90000 की राशि हड़प ली।

### गाड़ी चालक पर हमला पांच के खिलाफ केस

**जींद।** गांव राजगढ़ के निकट तूड़ी को लोड कर ले जा रहे पिकअप चालक पर दूसरी गाड़ी के चालक ने अपने दोस्तों के साथ हमला कर घायल कर दिया। आरोपितों ने गाड़ी के शीशे भी तोड़ डाले। जुलाना थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर दो लोगों को नामजद कर तीन अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### अफीम उपलब्ध करवाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** थाना सदर पुलिस के एएसआई जयपाल की टीम द्वारा अफीम सप्लायर आरोपी गांव तलहेड़ी जिला कुरुक्षेत्र निवासी रमेश कुमार को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 10 फरवरी को थाना सदर पुलिस के एएसआई संजय कुमार की टीम द्वारा गांव उझाना से गांव ग्योंग रोड़ से बाइक पर सवार आरोपी गांव खानपुर निवासी अभिषेक उर्फ अभि को काबू किया गया था।

### माइनर में मिला भ्रूण अज्ञात पर मामला दर्ज

**जींद।** नरवाना माइनर में मिले भ्रूण के मामले में शहर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नरवाना निवासी रामनिवास ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस वह अपने खेत के निकट गया हुआ था। उसी दौरान माइनर में मानवीय भ्रूण पड़ा दिखाई दिया। भ्रूण लगभग आठ माह का था।

### गाड़ी की चपेट में आने से एक व्यक्ति घायल

**कैथल।** कैथल रोड चीका पर बोलेरो गाड़ी की चपेट में आने से एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। इस संबंध में बिहार के सुनील कुमार ने बताया कि वह पिछले लंबे समय से सरस्वती प्लाई फैक्ट्री कैथल रोड चीका में रहता है। उसने बताया कि 9 को जब वह भाई सुशील फैक्टरी के आए तो बोलेरो कैथल की तरफ से आई थी।

### दुकान का ताला तोड़कर इलेक्टिक सामान चोरी

**जींद।** नरवाना पुराना बस अड्डे के निकट बीती रात चोरों ने दुकान का ताला तोड़ कर दस बैटरी, 15 इन्वर्टर, 50 स्टार्टर मोटर समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया। नरवाना पुलिस ने दुकानदार की शिकायत पर चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नशा तस्कर 1.50 ग्राम हेरोइन सहित दबोचा

**कैथल।** थाना गुहला पुलिस द्वारा गुहला क्षेत्र से एक नशा तस्कर को 1.50 ग्राम हेरोइन सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना गुहला पुलिस प्रभारी एसआई रामपाल सिंह की अगुवाई में एएसआई अमित कुमार की टीम शाम के समय गश्त दौरान बस अड्डा गुहला क्षेत्र में मौजूद थी। सहयोगी सुत्रो से पुलिस को एक गुप्त जानकारी मिली थी।

## विस उपाध्यक्ष ने अधिकारियों से ली विकास कार्यों की रिपोर्ट

# विकास कार्यों को निश्चित अवधि में पूरा करना सुनिश्चित करें अधिकारीः डॉ. मिड्ढा

### ईंटल कलां धानक बस्ती की जलभराव की समस्या का जल्द से जल्द समाधान करवाया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विधानसभा उपाध्यक्ष डा कृष्ण लाल मिड्डा ने कहा कि जींद विधानसभा में चल रहे सभी विकास कार्यों को समयबद्ध पूरा करना सुनिश्चित किया जाए। सभी विभाग अभी तक किए गए कार्यों की प्रगति रिपोर्ट व जो कार्य चल रहे है तथा कितने समय में यह कार्य पूरे हो जाएंगे इसकी विस्तृत रिपोर्ट जल्द से जल्द भिजवाए। शहर के सेक्टरों व वार्डों में मुख्यमंत्री घोषणाओं के अनुसार सड़कों का निर्माण व रिपेयर, सीवरेज व्यवस्थए पीने के पानी की व्यवस्था, साफ.-सफाई, बिजली की तारों को बदलने की व्यवस्था आदि जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाना सुनिश्चित किया जाए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नही की जाएगी। अगर किसी स्तर पर कोई कोताही बरती गई तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। विधानसभा उपाध्यक्ष डाकृष्ण मिड्डा बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। कहा कि मुख्यमंत्री घोषणा के तहत जींद विधानसभा में जितने भी विकास कार्य चल रहे हैं या किए जाने हैं, उन विकास कार्यों को संबंधित अधिकारी जल्द से जल्द पूरा करवाना सुनिश्चित करें। अगर किसी विकास कार्य में किसी अन्य विभाग की तरफ से कोई पत्राचार किया जाना है या परमिशन ली जानी है तो संबंधित विभाग आपसी तालमेल के साथ इस कार्य को शीघ्रता से निपटाएं ताकि विकास कार्य को जल्द से जल्द पूरा किया जा सके। मुख्यमंत्री घोषणा के अनुसार जिले में बायपास का निर्माण और शहर में सीसी टीवी लगाने का कार्य को संबंधित विभाग आपसी तालमेल के साथ पूरा करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार से समझौता नहीं किया जाएगा। किसी भी विभाग की लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जींद शहर स्थित छठ पूजा घाट, ईंटल कलां धानक बस्ती की जलभराव की समस्या का जल्द से जल्द समाधान करवाया जाए। सभी गांवों एवं शहर में शमशान, कब्रिस्तान की चार दीवारी, बैठने के लिए बैंचख पार्क एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं प्राथमिकता के तौर पर उपलब्ध करवाएं। इसके साथ ही उन्होंने शहर में सर छोटू राम, सुभाष चंद्र बोस, लाला लालजपत राय की मूर्ति को स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने इन प्रतिमाओं को मजबूत फाईबर की बनवाने के लिए निर्देश दिए ताकि वे लम्बे समय तक खराब न हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर के सभी चौंकों, सडकों, ग्रीन बेल्ट पर साफ.-सफाई व उनकी सुंदर बनाने का कार्य करवाया जाएं। सैक्टरों एवं अर्बन एस्टेट में पार्कों को स्थानीय लोगों की कमेटी बना कर उनको गोद दे दिया जाए ताकि उनकी ज्यादा से ज्यादा देखभाल की जा सके और शहर की सुंदरता में चार चांद लगें। जगमग योजना के तहत ज्यादा से ज्यादा गांवों को कवर करने, रोड से उपर उठे सीवरेज मेन होल को दुरूस्त करने, पीएचसी, बस क्यू शैल्टरए जींद के नए बस स्टेंड पर पेयजल की व्यवस्था, मेन बाजार से बिजली, केबल व इंटरनेट से संबंधित तारों को व्यवस्थित करनेख विभिन्न सेक्टरों के पार्कों में साफ.सफाई आदि कार्यों को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य, डीएमसी गुलजार मलिक, एसडीएम सत्यवान मान, जिला परिषद सीईओ अनिल मौजूद रहे।




जींद। बैठक में दिशा-निर्देश देते डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा। फोटो :हरिभूमि

#### अधिकारियों से सुझाव मांगे

विधानसभा उपाध्यक्ष डा.ृष्ण मिड्ढा ने निर्देश दिए कि जिले में जितने भी विकास कार्य पूरे होते हैं तो उनके उद्घाटन के समय फाउंडेशन स्टोन लगाना सुनिश्चित किया जाए। पोलिटेक्निकल कालेज में स्किल बेस कोर्स को शुरू किया जाए। नंदीशाला का स्थानांतरण, शोपिंग काम्पलेक्स, शहर के पुराने बस स्टेंड पर कोई अच्छा प्रोजेक्ट लगाने के लिए अधिकारियों से सुझाव भी आमंत्रित किए।

### आरोपित अवैध असलहा के साथ गिरफ्तार किया



**जींद।** डिटेक्टिव स्टाफ ने हत्या के मामले में उम्र कैद सजायाफ्ता पैरोल जंपर आरोपित को अवैध असलहा के साथ गिरफ्तार किया है। शदर थाना पुलिस ने आरोपित के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरु कर दी है। डिटेक्टिव स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव रामराये मोड पर एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है। जो कहीं जाने की फिराक में है। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने युवक को काबू कर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे एक पिस्तौल बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में युवक की पहचान गांव रामरायेखेड़ा निवासी दीपक उर्फ बच्ची के रुप में हुई। छानबीन में सामने आया कि दीपक हत्या के मामले में उम्र कैद सजायाफ्ता है। जो करनाल जेल से 70 दिन की पैरोल पर घर आया था। जिसे दो फरवरी को वापस जेल में जाना था। आरोपित पैरोल अवधी समाप्त होने के बाद भी जेल वापस नही लौटा। सदर थाना पुलिस ने दीपक उर्फ बच्ची के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज पूछताछ शुरू कर दी है। सदर थाना के जांच अधिकारी राजेंद्र ने बताया कि सूचना के आधार पर आरोपित अवैध असलहा के साथ पकड़ा गया है। जो हत्या के मामले में उम्रकैद सजायाफ्ता है और पैरोल जंपर भी है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

## कैथलः बुलेट चालक का 22 हजार रुपये का चालान काटा

■ चालक शहर में पटाखे बजाते घूम रहा था और प्लेट पर नंबर की बजाय सरपंच लिखा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

यातायात पुलिस ने बुधवार को एक बुलेट बाइक का 22 हजार रुपये चालान काट दिया। बुलेट बाइक चालक शहर में पटाखे बजाते हुए घूम रहा था और बाइक की नंबर प्लेट पर नंबर की बजाय सरपंच लिखा हुआ था। वहीं, बाइक चालक को खुद भी नहीं पता था कि इसका नंबर क्या है।

यातायात थाना प्रभारी राजकुमार ने बताया कि पुलिस ने करनाल रोड पर नाका लगा रखा था। वहां से एक बुलेट बाइक पर एक युवक पटाखे बजाते हुए पाया गया। पुलिस ने तुरंत बाइक को रुकवा लिया। जब युवक से दस्तावेज, हेलमेट व लाइसेंस मांगा तो वह कुछ भी नहीं दिखा सका। ऐसे में पुलिस ने उसका 22 हजार का चालान कर दिया। बाइक को इंपाउंड कर लिया है।

#### अभियान जारी रहेगा

यातयात थाना प्रबंधक राजकुमार ने बताया कि पुलिस की ओर से नियमों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। पटाखे और बाइक पर जातिसूचक शब्द लिखवाने वालों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना की मीटिंग में अनुपस्थित होना अधिकारियों को पड़ा महंगा

### एडीसी कार्यालय ने सात अधिकारियों को थमाया कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

अतिरिक्त उपायुक्त बाबू लाल करवा की ओर से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना को लेकर बुलाई गई रिव्यू बैठक में उपस्थिति न होने पर अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय ने जिले के सात विभाग के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इस संदर्भ में एडीसी कार्यालय की ओर से एक पत्र जारी कर नोटिस देने की जानकारी दी है। इस पत्र में कहा गया कि है सरकार की ओर से शुरू की गई राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना के लिए हर महीने रिव्यू करना होता है। इस बैठक को लेकर 10 जनवरी को आयोजित की जाने वाली बैठक की सूचना पत्र के माध्यम से दी गई थी, लेकिन इन छह अधिकारियों की ओर से ने तो को ही रिव्यू किया गया और न ही रिव्यू के लिए बैठक में उपस्थित हुए। इस मामले में एडीसी ने कड़ा संज्ञान लेते हुए जन स्वास्थ्य विभाग के अधीक्षक अभियंता कैथल, वन विभाग कैथल के जिला वन अधिकारी, डीआइसी कैथल के उप निदेशक, आरटीए विभाग के सचिव, सरस्वती हेरिटेज डिवीजन नंबर तीन कैथल के कार्यकारी अभियंता, कोयल पर्यटन केंद्र कैथल के प्रबंधक और कैथल की सहकारी समिति बैंक को नोटिस जारी किया है।

#### दूसरे जिलों का सहारा लेना पड़ रहा

बता दें कि सरकार की ओर से सभी विभागों में आईटीआई पास युवाओं को अप्रैंटिस पर रखने के लिए कुल कर्मचारियों का 10 से 15 प्रतिशत तक का प्रावधान किया गया है। इसके बावजूद कुछ विभागों के अधिकारी सरकार व जिला प्रशासन के आदेशों को नहीं मान रहे हैं जिस कारण युवा व युवतियों को अप्रैंटिस के लिए दूसरे जिलों का सहारा लेना पड़ रहा है।

## मनरेगा घोटालाः दो मेट के खिलाफ करवाया केस दर्ज

### फर्जी जॉब कार्ड बना 83 हजार 191 हजार रुपये की राशि का गबन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सीवन खंड में हुए मनरेगा घोटाले में जिला प्रशासन की ओर से दो मनरेगा मेट के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। शिकायत अनुसार इस मामले में गांव के मेट बलवंत सिंह ने विदेश में रह रही अपनी ही बेटी लवजीत कौर व बेटे सन्नी को मनरेगा मजदूर दिखाकर 35 हजार 58 रुपये का भुगतान कर लिया। वहीं, महिला मेट संतोष देवी ने विदेश में रह रहे जोगा सिंह और दो मिड डे मील वर्कर की फर्जी हाजिरी दिखाकर उनके नाम पर 48 हजार 133 रुपये की मजदूरी हड़पी। जबकि वे पहले से ही सरकारी स्कूल में काम कर रही हैं। दोनों मेट ने फर्जी जॉब कार्ड बना सरकार की 83 हजार 191 हजार रुपए की राशि का गबन किया है।

बीडीपीओ सीवन नेहा शर्मा ने मनरेगा गड़बड़झाले में केवल मनरेगा मेट संतोष देवी और बलवंत सिंह को आरोपी ठहरा उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए पत्र लिखा था। इसके साथ ही इन दोनों से 83 हजार 191 की रिकवरी करने की बात भी कही है।




#### आरोपियों को बचाया जार रहा

विभाग की जांच में ग्राम सचिव, मनरेगा जूनियर इंजीनियर और सहायक खंड परियोजना अधिकारी की भूमिका पर सवाल हैं, क्योंकि बिना उनकी मिलीभगत के यह घोटाला संभव नहीं था। शिकायतकर्ता का कहना था कि केवल मेटों पर कार्रवाई करके प्रशासन असली आरोपियों को बचा रहा है।

#### यदि ग्राम सचिव, जेई और एबीपीओ ने समय पर निरीक्षण किया होता, तो यह गड़बड़ी नहीं होती

इसी तरह ककहेड़ी गांव में हुए मनरेगा घोटाले में पहले 9 कर्मचारियों पर कार्रवाई हो चुकी है। जिनमें से सीवन की तत्कालीन एबीपीओ प्रियंका शर्मा और जेई शिव कुमार को नौकरी से बर्खास्त किया जा चुका है। घोटाले में शामिल गांव के तीन मनरेगा मेट भी सस्पेंड ही चुके हैं। इनके अलावा इरिगेशन विभाग के चार जेई को कार्य मुक्त करके मुख्यालय भेजा हुआ है, जिनके खिलाफ अभी विभागीय कार्रवाई चल रही है।

#### जांच जारी

सीवन थाना प्रभारी कुलदीप ने बताया कि बीडीपीओ कार्यालय से दो मनरेगा मेट के खिलाफ एक शिकायत प्राप्त हुई है। इस संदर्भ में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पांच दिन बाद भी नहीं हो पाया आरोपित गिरफ्तार

■ गांव सिल्लाखेड़ी में हुई रेलवे कर्मचारी की हत्या का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

उपमंडल के गांव सिल्लाखेड़ी में गत सात फरवरी की रात्रि को शादी समारोह में हुई रेलवे कर्मचारी की हत्या के मामले में सफीदों पुलिस के हाथ खाली हैं। वारदात के पांच दिन बीत जाने के बाद भी कोई आरोपित गिरफ्तार नहीं हुआ है। इस मामले में सदर थाना टीम, सफीदों सीआई, टीम के साथ डीएसपी गौरव शर्मा जांच में जुटे हुए हैं। इस मामले में पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करके अपनी कार्रवाई शुरू की थी। गौरतलब है कि गत आठ फरवरी पुलिस को दिए ब्यान में मृतक मुनीष के भाई राकेश ने कहा था कि उसका बड़ा भाई मुनीष कुमार (37) रेलवे विभाग में सिल्लाखेड़ी गांव की फाटक पर गेटमैन की नौकरी करता था। उसका भाई हर रोज की तरह सात फरवरी की सायं करीब चार बजे अपनी ड्युटी के लिए घर से आया था। उन्हे रात्रि में सूचना मिली कि उसके भाई की मौत गांव सिल्लाखेड़ी में होने के कारण उसका शव नागरिक अस्पताल सफीदों में रखा हुआ है। नागरिक अस्पताल में आकर देखा तो उसके भाई मुनीष का शव वहां पर रखा हुआ था और उसके सिर में पीछे चोट लगी हुई थी। उसके बाद गांव सिल्लाखेड़ी में जाकर पता किया तो वहां जानकारी मिली कि रेलवे फाटक सिल्लाखेड़ी के पास उसके भाई की ड्यूटी की जगह से थोड़ी दूरी पर एक लड़की के शादी समारोह में चला गया। इस शादी में उसके भाई मुनीष का दोस्त अनिल कुमार निवासी गांव भुरायण हाल निवासी जींद भी आया हुआ था। बारात जाने के बाद लड़की के परिवार वालों ने पारिवारिक तौर पर नाचने गाने के लिए डीजे लगाया हुआ था। इस प्रोग्राम में महिलाऐं भी नाच रही थीं। इसी दौरान उसका भाई मुनीष को उसके साथ आए अनिल को उसका कोई जानकार मिल गया।



मृतक मुनीष का फाइल फोटो।

#### पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की

अनिल अपने जानकार के साथ बाहर की तरफ आ गया और उसके भाई की लड़की के परिवार वालों के साथ महिलाओं के साथ नाचने को लेकर कोई कहासुनी हो गई। चोटों के बाद उसका भाई ने खुद को बचाने के लिए भागने की कोशिश की। लगी हुई चोटों के कारण उसका भाई कुछ दुरी पर चलकर गिर गया। जहां से मुनीष को अनिल व रेलवे फाटक पर तैनात दुसरा गेटमैन कुलदीप गाड़ी का प्रबंध करके सफीदों के एक निजी अस्पताल में लेकर आए। जहां से डाक्टर ने मुनीष को चेक करके दुसरे अस्पताल में ले जाने की बात कही। उसके बाद वे उसे नागरिक अस्पताल सफीदों लेकर आए, जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी थी।

## देशभक्ति गीतों से दर्शकों का मोहा मन

### एमडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

नगर के पूंडरी रोड़ पर स्थित एम डी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लेते हुए अपने हुनर का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मान सिंह अस्पताल जयपुर के सर्जन डा.कुलदीप पूनिया, नरेश कुमार पूर्व सरपंच पीढल ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित करके किया। विद्यार्थियों द्वारा शहीदों पर प्रस्तुत कार्यक्रम से सबकी आंखें नम हो गई। इसके अलावा बच्चों ने देश भक्ति, हरियाणावीं, पंजाबी, राजस्थानी गीतों पर नृत्य किया और दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यार्थियों द्वारा नाटक दिखाकर समाज में फैली बुराइयों से अवगत करवाया गया। स्कूल प्रबंधक देशराज चहल, वेदप्रकाश कादियान, प्रधानाचार्य राजेश कुमार ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पाठ्यक्रम का एक अभिन्न अंग है, ओर शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति का सर्वांगीण विकास होता है। इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने से विद्यार्थियों के अंदर छुपी हुई प्रतिभा में निखार आता है। जिससे उन्हें मंच पर खुलकर बोलने का अवसर मिलता है। स्कूल प्रबंधक समिति ने कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यातिथि व अभिभावकों का आभार जताया। प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मुख्यातिथि द्वारा सम्मानित किया गया।



राजौंद। कार्यक्रम में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते। फोटो :हरिभूमि

### टाटा एस गाड़ी से दो पशु बरामद, दो तस्कर दबोचे

**जींद।** सदर थाना नरवाना पुलिस ने टाटा एस गाड़ी से दो बैल बरामद कर दो लोगों को काबू किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। गौरक्षक सेना के भगत सिंह कालोनी निवासी प्रमोद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि गांव ढाकल के निकट टाटा एस गाड़ी से दो बैलों को तस्करी कर ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर उन्होंने ने पुलिस के साथ मिल कर टाटा एस गाड़ी को काबू कर लिया। क्षमता से अधिक भरा जाने के कारण बैलों की हालात दयनीय हो चुकी थी। पूछताछ में टाटा एस गाड़ी सवार लोगों की पहचान सुल्तानपुरी दिल्ली निवासी सुनील, तथा मौजूम सिंह के रुप में हुई। सदर थाना नरवाना पुलिस ने पकड़े गए दोनों लोगों के खिलाफ पशु क्रूरता, हरियाण गौवंश संरक्षण के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू की दी है।

## खबर संक्षेप

### गुरु रविदास की शिक्षा को किया याद

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि में किसान छात्र एकता संगठन संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की जयंती पर पुष्प अर्पित किए तथा उनके द्वारा दी गई शिक्षाओं को याद किया। उप प्रधान अभिषेक जुलाना ने बताया कि रविदास कहते थे ऐसा चाहू राज में मिले सबको अन्न, छोटे बड़े सम बसें रविदास रहे प्रसन्न। गुरु जी का मानना था कि ऐसा राज होना चाहिए, जहां किसी को भूखे पेट नहीं सोना पड़े। सभी समान और भाईचारे से रहे इससे ही भगवान को खुशी मिलती हैं।

### एथैलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए ट्रायल कल

**जींद।** जिला खेल अधिकारी रामपाल ने बताया कि वर्ष 2024-25 के लिए अखिल भारतीय सिविल सेवा एथैलेटिक्स प्रतियोगिता (पुरूष/महिला) के आयोजन के लिए ट्रायल 14 को नवदीप स्टेडियम नरवाना में सुबह दस बजे ली जाएगी। ट्रायल में भाग लेने के लिए प्रमाण पत्र देना होगा कि वे किस विभाग, कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी हैं। इस चयन स्पर्धा में भाग लेने वाले सिविल सेवा कर्मचारी टीए/डीए अपने विभाग से लेंगे।

### बच्चे के इलाज के लिए रखी राशि चोरी, केस

**जींद।** अजमेर बस्ती में बीती रात चोरों ने दीवान की दराज में रखी 60 हजार रुपये की नगदी तथा मोबाइल फोन को चोरी कर लिया। राशि बीमार बच्चे के इलाज के लिए रखी गई थी। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। अजमेर बस्ती निवासी संजीव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने रात को 60 हजार रुपये की नगदी अपने दो साल के बीमार बच्चे के इलाज के लिए दीवान के दराज में रखी रखी हुई थी।

### गांव ढांडाखेड़ी से पंचायती झोटा चोरी

**जींद।** गांव ढांडाखेड़ी से पंचायती झोटे के गायब होने पर सदर थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव ढांडाखेड़ी निवासी संदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव ने पंचायती झोटा छोड़ा हुआ था। जो 29 जनवरी से गायब है। तलाशने तथा पूछताछ करने पर झोटे का कोई सुराग नही लगा। सदर थाना पुलिस ने संदीप की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

### हमला कर युवक को घायल करने पर केस

**जींद।** गांव उदयपुर में रास्ते में खड़ी बुग्गी हटाने को कहा तो आरोपितों ने हमला कर युवक को घायल कर दिया। उचाना थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर 13 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव उदयपुर निवासी अंकित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बुग्गी में पाइप लेकर घर से खेत जा रहा था। रास्ते में सत्यवान परिवार की बुग्गी खड़ी हुई थी। उसने बुग्गी हटाने को कहा तो कहासुनी हो गई। उसी दौरान सत्यवान परिवार ने उस पर हमला कर दिया।

### प्लाट पर कब्जे का प्रयास, मामला दर्ज

**जींद।** गांव भूरायण से खेड़ी रोड पर दो गाडियों में पहुंचे लोगों ने जबरन प्लाट पर कब्जा करने की कोशिश की और हमला कर दिया। आरोपितों ने एक व्यक्ति को जबरन गाड़ी में डालने की कोशिश की और सोने की चैन तोड़ ली। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चार लोगों को नामजद कर 15 अन्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

### आधारशिला स्कूल में हुई प्रवेश परीक्षा

**जींद।** आधारशिला विद्यालय में सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। इसमें जींद जिलें के विभिन्न स्कूलों के 968 बच्चों ने भाग लिया। परीक्षा को लेकर बच्चों में काफी उत्साह दिखाई दिया। बच्चों के साथ आए अभिभावकों ने विद्यालय का भ्रमण किया। विद्यालय के शैक्षिणक वातावरण को देखा। इस दौरान अभिभावकों के लिए एक परामर्श सत्र का भी आयोजन किया गया। वर्तमान की उपलब्धि और भविष्य की योजनाओं को समझाया गया।

### शहर में लगाए गए भंडरे, गणमान्यों ने संत के दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया

# जिलेभर में श्रद्धा से मनाई संत रविदास जयंती

## समाज को जाति-पाति के भेदभाव से संत गुरु रविदास ने ही निकाला, शहर में निकाली शोभा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिलाभर में बुधवार को संत रविदास की जयंती श्रद्धा व धूमधाम से मनाई गई। इससे पहले मंगलवार को धार्मिक संस्थाओं ने शहर में शोभा यात्रा निकाली। सफीदों रोड धर्मशाला में डा. बीआर अंबेडकर सोसायटी द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह रहे। उन्होंने कहा कि सतगुरु रविदास जी ने अपनी अमृतमयी दिव्य वाणी में ऊंच-नीच, जाति-पाति, रंग भेद तथा देश व प्रदेश की सीमाओं से ऊपर उठकर विश्व शांति का उपदेश दिया। सतगुरु रविदास जी विश्व के सबसे पहले क्रांतिकारी विचारक, समाज सुधारक तथा प्रचारक थे। आज से 600 वर्ष पहले ऐसे सार्वभौमिक मानवतावादी राज्य के बारे में सोचना तथा उसकी रुपरेखा बनाना गुरु जी के हिस्से ही आ सका जिनकी महान प्रतिभा के सामने हमारा शीष अपने आप ही झुक जाता है। संस्था प्रधान राजेश पहलवान ने बताया कि पहले गुरूवाणी का पाठ हुआ और इसके बाद भंडारा लगाया गया और प्रतिभावानों को सम्मानित किया। छात्रों ने संत रविदास को किया नमनः नालंदा कंप्यूटर एवं व्यवसायिक प्रशिक्षण केंद्र में संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेंटर के छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सेंटर के निदेशक वीरेंद्र दहिया द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और गुरु रविदास जी की पूजा से हुई। उन्होंने बताया कि गुरु रविदास एक महान संत, कवि और समाज सुधारक थे। उनका जन्म 1450 ईस्वी में बनारस में हुआ था। उनके पिता का नाम संतोख दास था और उनकी माता का नाम कालसा देवी था। राजकीय महिला महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन का आरंभ रतिराम धर्मशाला पांडू पिंडारा में योग और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। शिविर में संत रविदास जयंती पर स्वयं सेविकाओं ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के माध्यम से उनके विचारों को उजागर किया। स्वयं सेवकों ने उनके द्वारा दिए गए उपदेशों पर चलने का निर्णय लिया। इसके बाद पिंडारा गांव में स्वयं सेविकाओं ने जागरूकता रैली निकाली। स्वयं सेविकाओं ने ग्रामीण महिलाओं के साथ मिलकर कीर्तन का आयोजन किया। इसी कड़ी में स्वयं सेविकाओं ने गोशाला में जाकर श्रमदान किया। इसके बाद राजकीय महिला कॉलेज प्राचार्य जयनारायण गहलावत ने शिरकत की। उन्होंने स्वामी दयानंद सरस्वती और रविदास जी की जयंती पर अपने विचार प्रकट किया और स्वयं सेविकाओं को उनके सिद्धांतों पर चलने का आह्वान किया।



जींद। स्वयंसेविकाओं द्वारा बनाए गए पोस्टर। फोटो :हरिभूमि



जींद। संत रविदास को नमन करते हुए छात्र। फोटो :हरिभूमि

### संत रविदास का सामाजिक चिंतन विषय पर विचार गोष्ठी

जनवादी लेखक संघ द्वारा बुधवार को संत गुरु रविदास की जयंती पर शिव कालोनी स्थित अक्षर भवन में संत रविदास का सामाजिक चिंतन विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता राममेहर सिंह कमेरा ने की व संचालन मंगतराम शास्त्री ने किया। गोष्ठी में मुख्य वक्ता के तौर पर सोहनदास शामिल हुए। सोहनदास ने कहा कि संत रविदास जी अपने समय के बेहद तर्कशील एवं सामाजिक क्रांति के मुख्य कवि थे। उस दौर के सामंती सिस्टम में ज्ञान और राज की सत्ता को चुनौती देने वाली कविता के सर्जक थे। संत रविदास ने अपनी शिक्षाओं का माध्यम बनाया और पाखंड, अंधविश्वास, कर्मकांड, जातिवाद और धर्मांधता का पूरे जोर-शोर से खंडन किया। आज भी उनकी शिक्षाएं हर तरक्की पसंद तबके को ऊर्जा देती हैं। गोष्ठी को एडवोकेट वीरेंद्र जांगड़ा, जसपाल, प्रदीप कुमार, आजाद पांचाल व कपिल भारद्वाज ने संबोधित किया।



### सफीदोंः निकाली भव्य शोभायात्रा

सफीदों। गुरु रविदास सभा सफीदों के तत्वावधान में बुधवार को नगर में संत रविदास जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर नगर में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम का संयोजन सभा के प्रधान मुकेश कुमार ने किया। इस शोभायात्रा में संत रविदास की विशेष रूप से पालकी सजाई गई। पालकी के आगे-आगे श्रद्धालुगण साफ-सफाई करते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा में युवा संत रविदास की जय के गगनभेदी नारे लगाते हुए चल रहे थे। यात्रा के दौरान समाज के लोगों ने संत रविदास की आरती की तथा प्रसाद वितरण किया।

### अरि व्यवस्था तूं बताए कैसे हुए अछूत

दुनिया म्हं तकदीर का डर सै। मुल्ला पण्डत पीर का डर सै। वो चाहै सब पत्थर पूज्जैंए पर रैदास कबीर का डर सै। राममेहर कमेरा ने कहा कि वही खून चमड़ी वही, वही गात पर सूत। अरि व्यवस्था तूं बताए कैसे हुए अछूत। गोष्ठी के समापन पर राममेहर सिंह ने कहा कि सत्य जब माध्यम बदलता है तो टेढ़ा हो जाता है। इसलिए हमारे लिए सत्य को देखने समझने की नजर विकसित करनी भी जरूरी है।

### जुलाना में मनाई गुरु रविदास जयंती

**जुलाना।** जुलाना कस्बे में संत गुरु रविदास जयंती समारोह की चर्चा पूरे बाजार और आसपास के गांवों में बनी हुई है। कार्यक्रम के पहले दिन पूरे कस्बे में महापुरूषों की भव्य झांकियां निकाल कर भाईचारे का संदेश दिया गया। दूसरे दिन स्वास्थ्य जांच शिविर के साथ फतेहाबाद से आए हुए संत दिव्यानंद ने अखंड पाठ प्रकाश किया। जिससे लोगों को संत गुरु रविदास द्वारा लिखे गए सद विचारों से अवगत करवाया गया और रात्रि में कुराड़ से आए हुए विरेंद्र देशवाल की टीम ने सत्संग से लोगों को भक्तिमय बना दिया। तीसरे दिन भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।





जींद। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हुए श्रद्धालु।




जींद। प्रतिभावान छात्रा को सम्मानित करते बीरेंद्र सिंह। फोटो :हरिभूमि

# गोपाल विद्या मंदिर में समर्पण दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गोपाल विद्या मंदिर विद्यालय में बुधवार को समर्पण दिवस का कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के पूर्व छात्र तिलक जिंदल, सागर सिंगरोहा, राहुल , विद्यालय प्रधानाचार्य अजय कौशिक व शिक्षक बंधु भगिनी द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य अजय कौशिक सभी कक्षाचार्यों व छात्र भैया, बहनों द्वारा कक्षा द्वारा एकत्र राशि का समर्पण किया गया। संदीप गर्ग ने समर्पण दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते कहा कि मातृ संगठन से जुड़ा प्रत्येक व्यक्ति पूर्ण समर्पित होता है। क्योंकि वह तन मन धन से देश सेवा करता है। मां सरस्वती की वंदना व छात्र भैया, बहनों के मनमोहक नृत्य के बीच सुशील के कुशल मंच संचालन ने कार्यक्रम को विशेष आकर्षण प्रदान किया। प्रधानाचार्य के मार्गदर्शन में सम्पूर्ण विद्यालय परिवार द्वारा मां सरस्वती को नमन करते कार्यक्रम में भाग लिया गया। अजय ने कहा कि समर्पण जैसे भाव छात्रों को देश का अच्छा नागरिक बनाने में सहायक होते हैं। प्रधानाचार्य द्वारा आमंत्रित पूर्व छात्रों का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया गया। विद्यालय की प्रबंध समिति के सभी सदस्यों ने अपने प्रेषित संदेश में कहा कि समर्पण का भाव हदय के अन्तर्तल से उत्पन्न होकर महान व्यक्तित्व का निर्माण करता है।



जींद। समर्पण दिवस कार्यक्रम में भाग लेती शिक्षिकाएं। फोटो :हरिभूमि

# सीबीएसई गुरु दक्षिता ट्रेनिंग का दूसरा सेशन शुरू

- दूसरे सेशन की लर्निंग ट्रेनिंग चलेगी दो दिनों तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

दालमवाला पब्लिक स्कूल ने सीबीएसई द्वारा गुरू दक्षिता ट्रेनिंग के दूसरे सेशन की शुरूआत हुई। यह ट्रेनिंग दो दिनों के लिए आयोजित की जाएगी। इस ट्रेनिंग में जींद के आसपास के कई जिलों के अध्यापकगण मौजूद रहे। इस अवसर पर करनालए रोहतकए भिवानीए सफीदों आदि के अध्यापकों ने अपनी भागीदारी की। ज्ञात रहे कि सीबीएसई द्वारा इस तरह के ट्रेनिंग सेशन आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर रिसोर्स पर्सन पूजा छाबड़ा एवं डा. सुमिता ठाकुर ने बहुत ही अच्छी तरह से स्कूल प्रबंधन, करिकुलम आदि के बारे में सभी को बताया कि किस प्रकार से स्कूल की मान्यता के लिए आवेदन किया जा सकता है और इसके लिए क्या-क्या जरूरी सुविधाएं होनी चाहिए। ट्रेनिंग के दौरान कई तरह की गतिविधियों के द्वारा बहुत ही मनोरंजक रूप में सभी के सामने प्रस्तुत किया। स्कूल डायरेक्टर मोहित दालमवाला एवं स्कूल प्राचार्या संगीता शर्मा ने सभी अध्यापकगण का स्वागत किया। उन्हें एक अच्छी अध्यापन शैली के बारे में बताया। उन्होंने अध्यापकों को किस प्रकार से स्कूल में अपने बच्चों को पढ़ाना चाहिए, इस बारे में बेहतरीन तरीके से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस तरह से एक स्कूल बेहतरीन मैनेजमेंट के जरिए बच्चों के भविष्य का एक अच्छा निर्माणकत्रा बन सकता है। स्कूल में बच्चों के लिए शारीरिक मानसिक एवं शैक्षिक विकास के लिए किस प्रकार का स्कूल में इंफ्रास्टक्चर होना चाहिए और उसे किस प्रकार से पूर्ण किया जा सकता है। इस बारे में भी मौजूद विभिन्न स्कूलों के अध्यापकों को जानकारी दी गई।



जींद। गुरु दक्षिता ट्रेनिंग को संबोधित करते हुए रिसोर्स पर्सन। फोटो :हरिभूमि



जींद। बैठक को संबोधित करते राजेश वशिष्ठ। फोटो :हरिभूमि

### बच्चों को स्थायी ज्ञान मिले : राजेश वशिष्ठ

**जींद।** निपुण मिशन के तहत कक्षा पहली से पांचवी कक्षा के बच्चों को स्थाई व सटीक ज्ञान मिले इसके अंतर्गत शिक्षा विभाग की ओर से एफएलएन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जो बच्चों को भय मुक्त वातावरण प्रदान करते हुए हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास को प्रमुखता प्रदान कर रहा है। जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने अपने कार्यालय मे बैठक का आयोजन किया। जिसका उद्देश्य सभी प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों का अवलोकन करना है ताकि शिक्षकों व अभिभावकों को पता चल सके की अभी तक 23 सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों ने क्या सीख लिया है ओर अभी कितना अभ्यास करने की आवश्यकता है। कक्ष पहली से तीसरी के बच्चों का हिंदी व गणित का दो-दो सप्ताह का एक साथ अभ्यास पत्र तैयार करके खंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से सभी शिक्षकों को विद्यालय स्तर तक मेल व व्हाट्सअएप द्वारा अभ्यास पत्र भेजे जाएंगे। ब्लॉक कॉर्डिनेटर अमनदीप, प्रवीण, बलराज ने सराहनीय योगदान दिया। बैठक मेमांगेराम, रवींद्र, संतरो रानी, सारिका, नीति, नीतू मलिक, मंजीत, कर्मपाल, सतीश, राजेश, विजयपाल, सुदेश आदि उपस्थित रहे।

# एसडीएम ने किया शहर में साफ और सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

- अधिकारी जगहों को चिन्हित कर रखवाएं डस्टबिन : एसडीएम

एसडीएम पुलकित मलहोत्रा ने सफीदों शहर में साफ.-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और अधिकारियों को उचित जगह चिन्हित कर डस्टबीन रखवाने के निर्देश दिए। इस दौरान उनके साथ नगरपालिका के सचिव आशीष कुमार व अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित रहे। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर में सार्वजनिक शौचालयों व मुख्य चौक चौराहों के साथ-साथ शहर के अंतिम छोर तक सफाई करवाई जाए। सफाई का कार्य धरातल पर भी दिखाई देना चाहिए। इसके अलावा घर-घर जाकर उठाए जा रहे कूड़े के कार्य को भी समयबद्ध तरीके से पूरा करते रहें। उन्होंने निर्देश दिए कि संबंधित अधिकारी स्वयं भी समय-समय पर शहर में साफ.सफाई व्यवस्था की निगरानी करते रहें। एसडीएम द्वारा किए जा रहे इस तरह के निरीक्षण से शहर को लाभ मिलने लगा है। एसडीएम ने सख्ती दिखाते हुए संबंधित अधिकारियों को और भी बेहतर तरीके से साफ.-सफाई करवाने के निर्देश दिए। अधिकारियों को कहा कि सफाईकर्मियों को बारीकी से समझाएं और जिस भी क्षेत्र में सफाई की कमी नजर आती है इसे शीघ्रता से दूर करें। एसडीएम ने शहर में सरेआम गंदगी फैंकने वालों से भी आह्वान किया कि वे सभी प्रकार के डस्ट को उचित स्थान पर ही डालें। इस तरह से कूड़ा करकट फैंकने से शहर की सफाई व्यवस्था खराब होगी। एसडीएम ने पुलिस स्टेशन के पास के क्षेत्र, सब्जी मंडी क्षेत्र नागक्षेत्र, बस स्टैंड सहित अन्य क्षेत्रों में साफ.-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और बेहतर सफाई करने की बात कही।



जींद। सर्वेक्षण में शामिल रही महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

### छात्राओं ने दरियावाला में सामाजिक, आर्थिक सर्वेक्षण किया

**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय के तत्वावधान में बीए तृतीय वर्ष की छात्राओं ने गांव दरियावाला में सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण किया। इस सर्वेक्षण की अध्यक्षता हिंदू कॉलेज प्राचार्या डा. पूनम मोर और संचालन भूगोल विभाग इंचार्ज रंजना गर्ग एवं रजनी द्वारा की गई। बीए तृतीय वर्ष की 46 छात्राओं ने 250 घरों में जाकर लोगों की सामाजिक और आर्थिक स्थितियों का व्यक्तिगत सर्वेक्षण किया। आर्थिक सर्वेक्षण किसी भी जगह का एकमात्र ऐसा दस्तावेज है, जो प्रत्यक्ष जानकारी देता है। सामाजिक, आर्थिक सर्वेक्षण को घरेलू व्यय और आय के साथ-साथ आवास की स्थिति, व्यक्तिगत और घरेलू विशेषताओं और जीवन स्थितियों पर आंकड़ों के सबसे महत्वपूर्ण स्रोतों में से एक माना जाता है। दरियावाला गांव के सरपंच बलजीत ने अध्यापिकाओं व छात्राओं के प्रयास की सराहना करते हुए प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया और छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### छोटी-छोटी तकनीकों से आपदा के समय बचा सकते हैं जान : त्रिलोक

# एनडीआरएफ ने आपदा बचाव के सिखाए गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आपदाएं किसी भी समय और किसी भी स्थान पर आ सकती हैं और इनके प्रभाव से बचाव के लिए सही ज्ञान और प्रशिक्षण आवश्यक होता है। प्राकृतिक आपदाएं जैसे भूकंप, बाढ़ और मानवजनित आपदाएं जैसे आग लगना या गैस सिलेंडर में विस्फोट, जीवन और संपत्ति को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकती हैं। इन आपदाओं के दौरान सही कदम उठाना और सुरक्षित रहने के उपाय अपनाना ही हमारी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण जींद और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम द्वारा आगामी 22 फरवरी तक जिला मे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बुधवार को ग्राम पंचायत खटकड़ और कहसुन में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम को चौपाल कार्यक्रम नाम दिया गया है। जिसका मुख्य उद्देश्य गांव के लोगों को आपदा प्रबंधन और सुरक्षा उपायों की जानकारी देना है ताकि वे किसी भी आपदा की स्थिति में खुद को और दूसरों को सुरक्षित रख सकें। इस कार्यक्रम का नेतृत्व एनडीआरएफ टीम प्रभारी एवं इंस्पेक्टर त्रिलोक सिंह कर रहे हैं और उनके साथ महिलाकर्मी पूनम भी सहयोग कर रही हैं। इसके अलावा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से विक्रम मोर, संतरा देवी और नवीन ने कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के सफल संचालन में ग्राम पंचायत खटकड़ के सरपंच सतबीर सिंह और ग्राम पंचायत कहसून की सरपंच मीना देवी ने भी सहयोग किया। इस जागरूकता अभियान के तहत लोगों को सीपीआर (हृदय गति रुकने की स्थिति में जीवन रक्षक प्राथमिक उपचार), भूकंप के समय अपनाए जाने वाले बचाव के तरीके, प्राथमिक चिकित्सा, बाढ़ से बचाव के उपाय और गैस सिलेंडर में आग लगने की स्थिति में सुरक्षा के उपायों के बारे में जानकारी दी जा रही है। इस कार्यक्रम के माध्यम से गांव के लोगों को यह समझाने की कोशिश की जा रही है कि किसी भी आपदा की स्थिति में घबराने की बजाय सही तकनीकों का उपयोग कर नुकसान को कैसे कम किया जा सकता है।

### आपदा आने की स्थिति में बचाव के तरीके बताए

इस जागरूकता अभियान के तहत लोगों को सीपीआर (हृदय गति रुकने की स्थिति में जीवन रक्षक प्राथमिक उपचार), भूकंप के समय अपनाए जाने वाले बचाव के तरीके, प्राथमिक चिकित्सा, बाढ़ से बचाव के उपाय और गैस सिलेंडर में आग लगने की स्थिति में सुरक्षा के उपायों के बारे में जानकारी दी जा रही है। इस कार्यक्रम के माध्यम से गांव के लोगों को यह समझाने की कोशिश की जा रही है कि किसी भी आपदा की स्थिति में घबराने की बजाय सही तकनीकों का उपयोग कर नुकसान को कैसे कम किया जा सकता है। प्राकृतिक आपदाएं जैसे भूकंप, बाढ़ और मानवजनित आपदाएं जैसे आग लगना या गैस सिलेंडर में विस्फोट, जीवन और संपत्ति को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकती हैं।

# दर्जनभर व्यक्तियों ने मारपीट कर युवक को किया घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

चीका गांव में कुश्ती दंगल के दौरान एक युवक पर 12 आरोपियों ने तेजधार हथियारों से हमला कर दिया। युवक आयोजन समिति में आए अतिथियों के लिए सामान लेने जा रहा था। आरोपी उस युवक की सोने की चेन और रुपए भी छीनकर ले गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गुहला निवासी जय प्रकाश ने चीका थाना में दी शिकायत में बताया कि पांच फरवरी को चीका हाई स्कूल में कुश्ती दंगल फुल्ला अखाड़ा की तरफ करवाया जा रहा था। उसके चाचा बिंद्र सिंह पहलवान ने उसकी ड्यूटी अखाड़ा की तरफ से अतिथियों की देखरेख में चाय-पानी में लगा रखी थी। जब वह स्कूल से बाहर खाने का सामान लेने गया तो रवि ठाकुर संजय ठाकुर, रवि प्रजापत और अन्य आठ आरोपियों ने उस पर हमला कर दिया। रवि ठाकुर ने उसके सिर में गंडासी मारी और संजय ठाकुर ने टांग पर तलवार मारी। संजू ने बाजू पर गंडासी और रवि प्रजापत ने बाइक की गरारी से उसकी गर्दन पर वार किया। इसके बाद आरोपी मौके से भाग गए। आरोपी ने गले से आधा तोले सोने की चैन और 11 हजार रुपये छीन ले गए। चीका थाना प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### चोरों ने दान पात्र से हजारों की राशि चुराई

**राजौंद।** गांव कलासर के दादा नगर खेड़े का गल्ला तोड़कर 4000 की धनराशि चुराने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव कलासर के सोहनलाल ने राजौंद पुलिस को शिकायत में आरोप लगाया है कि नरेंद्र नामक युवक 9 फरवरी को दादा नगर खेड़ा के गल्ला तोड़कर उसमें रखे करीब 4000 चुरा कर ले गए। जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर दलबीर सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### अलग अलग मामलों में दो पीओ आरोपी काबू

**कैथल।** पीओ स्टाफ इंचार्ज एसआई ओमप्रकाश की अगुवाई में अलग अलग मामलों में 2 पी.ओ. आरोपी काबू कर लिए गए। एचसी अनिल कुमार द्वारा शराब तस्करी मामले में पीओ आरोपी रोहेड़ा निवासी सलिंद्र को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी सलिंद्र को 15 दिसंबर 2019 को राजौंद पुलिस द्वारा अवैध 10 बोतल देशी शराब सहित काबू किया गया था। उक्त मामले में आरोपी सलिंद्र न्यायालय से जमानत लेने उपरांत न्यायालय में दोबारा हाजिर नहीं हुआ था और भूमिगत हो गया था। आरोपी को न्यायालय ने आदेशों की अवहेलना करने के आरोप में 11 फरवरी 2025 को पीओ घोषित कर दिया था। दूसरे मामले में वर्ष 2023 दौरान चैक बाउंस मामले में पीओ आरोपी गांव सैर निवासी ज्वाला को एसआई सतीश कुमार द्वारा काबू कर लिया गया। जिसे न्यायालय द्वारा 15 जनवरी 2025 को पीओ घोषित किया गया था।

### गांव दाबा से लाखों के ट्रांसफार्मर चुराए

**कैथल।** चीका के गांव दाबा से चोर हजारों रुपए का एक ट्रांसफार्मर चुरा कर ले गए। बिजली निगम गुहला के एसडीओ राहुल यादव ने आरोप लगाया है कि चोर 9 फरवरी को गांव दाबा के किसान मनदीप सिंह के खेतों में लगा 20 केवीए का ट्रांसफार्मर चुरा कर ले गए। चुराए गए ट्रांसफार्मर की कीमत 93150 रुपए बताई गई है। दूसरे मामले में बिजली निगम कलायत के एसडीओ अंकित ने आरोप लगाया है कि चोर 7 फरवरी को गांव ब्राह्मणी वाला के किसान महेंद्र सिंह के खेतों में रखा 25 केवीए का ट्रांसफार्मर चुरा कर ले गए। चुराए गए ट्रांसफार्मर की कीमत 72140 बताई गई है।

### श्री गायत्री महायज्ञ का पूर्णाहुति के साथ समापन

**पूंडरी।** पूंडरी के श्री सनातन धर्म मंदिर में पिछले एक महीने से चल रहे श्री गायत्री महायज्ञ एवं माघ महात्म्य कथा का बुधवार को 108 कन्याओं के पूजन व यज्ञ में पूर्णाहुति के साथ संपन्न हो गया। इस मौके पर भंडारे का आयोजन भी किया गया। मुख्य यजमान प्रवीण मित्तल परिवार सहित भाग लिया। यज्ञ के ब्रह्मा पंडित मानसू भारद्वाज ने देव व वेद मंत्रों के साथ यज्ञ में आहुतियां डलवाई। भारद्वाज ने प्रवचन करते हुए भक्ति के बारे में बताया कि ईश्वर-भक्ति सरल व साधारण नहीं। बहुत ही त्यागमय साधना है। इसमें व्यक्ति का मन नहीं लगता है। व्यक्ति का मन संसार में लगता है। भगवान में विरले व्यक्ति ही मन लगाते हैं।

### दो किशोरी व एक महिला लापता, मामला दर्ज

**कैथल।** गांव के एक व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि 11 फरवरी को तरसेम व दो अन्य युवक उसकी 16 वर्षीय बेटी को शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर भगा ले गए। अन्य मामले में एक व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि 10 फरवरी को गांव मोहना से उसकी 23 वर्षीय पत्नी बिना बताए घर से चली गई। तीसरे मामले में एक व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि 11 फरवरी को उसकी 18 वर्षीय बेटी गांव बरसाना से बिना बताए चली गई।

### राजौंद में गणित क्विज प्रतियोगिता करवाई

**राजौंद।** गणित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी एवं खंड संसाधन समन्वयक कार्यालय राजौंद में किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी बलबीर कश्यप ने की। इसमें नोडल अधिकारी बीआरपी संदीप पाठक रहे। खंड स्तर पर इस प्रतियोगिता का संचालन बीआरपी सुनीता बीआरपी गुलदीप बीआरपी दीपिका ने किया।

# संत शिरोमणि गुरु रविदास को हवन कर किया याद

## श्री रैदास तख्त पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत के शहरी एवं ग्रामीण अंचल में संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती महोत्सव पर धार्मिक कार्यक्रमों की धूम रही। बड़ी संख्या में महिलाओं, बड़े-बुजुर्ग, युवा व बच्चों ने मंदिरों में उत्साह एवं उमंग के साथ गुरु रविदास जी को वंदन किया। कलायत में श्री रैदास तख्त हरियाणा परिसर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इसकी शुरूआत श्री तख्त के मुख्य मंहत गुरुप्रसाद ने हवन से की।

- गुरु रविदास के दिखाए गए रास्तों पर चलने की प्रेरणा ली

उपरांत श्री तख्त प्रबंध कमेटी प्रधान डा. प्रीतम कौलेखां की मौजूदगी में गुरु घर में विश्व शांति के लिए वंदना हुई। इसके माध्यम से आपसी सौहार्द एवं भाईचारा की भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया। इसके साथ ही गुरु रविदास जी द्वारा दिखाए गए रास्तों पर चलने की प्रेरणा ली। रामकुमार धानियां, राजेश जेष्ठ, सुभाष धानियां, मा.धर्मपाल जेष्ठ, लखी राम ब्राहमणिया, योगाचार्य गुलाब सिंह, शक्ति सिंह दहिया, ईश्वर गिल, शमशेर सिंह, सुलतान सिंह, लखपत पातलान, राकेश ब्राहमणियां, विकास सरीन, कुलदीप सिंह, रणधीर सिंह, रोहताश कुमार, सुरेंद्र कुमार, अजय कुमार, लोक गायक कृष्ण कुमार और दूसरे श्रद्धालुओं ने कहा कि भक्ति आंदोलन प्रवर्तक संत शिरोमणि गुरु रविदास ने अपनी शिक्षाओं के जरिये समाज को जगाया। डा.प्रीतम कौलेखां ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के संदेश सभी वर्गों को मेलमिलाप से रहने को प्रेरित करते हैं। गुरु जी ने सर्व समाज के कल्याण की कामना की है। महा पुरुषों की सोच का संचार जन-जन में मजबूती से करने के लक्ष्य को लेकर ही कलायत में राज्य स्तर पर श्री रैदास तख्त को विकसित करते हुए जागृति की अलख जगाई जा रही है। कलायत में श्री रैदास तख्त परिसर में जयंती महोत्सव के दौरान भंडारे का आयोजन हुआ। इसके साथ ही सजूमा रोड पर अलग-अलग क्षेत्रों से आए दुकानदारों ने स्टाल सजाए।

स्टालों पर महिलाओं व बच्चों ने जमकर खरीददारी की। सुरक्षा एवं व्यवस्था को लेकर कार सेवक गतिशील रहे।



**कलायत।** श्री रैदास तख्त परिसर में पूजा अर्चना के लिए जुटे श्रद्धालु।

### मानवता के प्रेरणा स्त्रोत हैं गुरु रविदास


**पूंडरी।** पूंडरी के गुरु रविदास मंदिर में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर हवन, भंडारा और कीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी राकेश गोस्वामी व उनकी पत्नी बबली गोस्वामी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि अध्यक्षता कमेटी प्रधान हिशम सिंह बुक्कल ने की। इससे पहले पूंडरी की गोस्वामी धर्मशाला में गुरु रविदास जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। इसके उपरांत राकेश गोस्वामी नंगे पांव गुरु रविदास जी की मूर्ति को उठाकर सैकड़ों श्रद्धालुओं के साथ शोभायात्रा के रूप में जयकारे लगाते हुए गुरु रविदास मंदिर पहुंचे, जहां विधिवत पूजा-अर्चना कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया गया। इस मौके पर पूर्व जेल आईजी हरिशलाल रंगा सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि राकेश गोस्वामी ने गुरु रविदास जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु रविदास जी समाज सुधारक, भक्तिकाल के महान संत और मानवता के प्रेरणास्त्रोत थे।

### धूमधाम से मनाई जयंती



**राजौंद।** नगर में संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती धूमधाम से मनाई गई। श्री गुरु रविदास आश्रम सेवा समिति के संस्थापक राजकुमार ने कहा कि हम सब को रविदास जी के बताए रास्ते पर चलना होगा। उन्होंने कहा कि नगर में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने जहां भगवान संत की शोभायात्रा में सहयोग किया वही अपनी श्रद्धा का भी अटूट परिचय दिया। उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि रविदास किसी एक जाति संप्रदाय के गुरु नहीं थे। वह पूरी मानव जाति को सही रास्ता दिखाने वाले महापुरुष थे। आज भी उनकी शिक्षाएं प्रकाश स्तंभ की तरह हमारा मार्गदर्शन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि महापुरुषों की जयंती मनाने से हमें उनके जीवन से जुड़े पहलुओं की जानकारी मिलती है। इस दौरान राजेंद्र दास, अनुराग, सुनील, अमित, शमशेर, रवि, राजीव, ओमप्रकाश, कृष्ण, मिकंल, सुरेश अशोक ने कार्यक्रम में भाग लिया।

# यदुवंशी के मनीष यादव ने जेईई मैंस में पाई 99.88 परसेंटाइल




**महेंद्रगढ़।** प्रतियोगिता में सफलता अर्जित करने वाले विद्यार्थी।

**महेंद्रगढ़।** यदुवंशी शिक्षा निकेतन के विद्यार्थियों ने आईआईटी, जेईई मैंस (अखिल भारतीय इंजीनियरिंग) प्रवेश परीक्षा में अच्छी परसेंटाईल से रिकॉर्ड तोड़ सफलता प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। ज्ञातव्य है कि जेईई मेन एक राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा है जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को आईआईटी, एनआईटी आदि प्रतिष्ठित टेक्निकल इंस्टीट्यूट में बीई, बीटेक, बीआर्च एवं बीप्लानिंग कोर्सों में दाखिला मिलता है। विद्यालय के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। छात्र मनीष 99.88, दिव्य 99.87, दिपांशु 99.69, अमन 99.38, अनुज 99.37, अरूण 99.28, जतिन 99.12 ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की। वहीं 95 परसेंटाइल से अधिक जय सहरावत 98.95, विशांत 98.82, मुस्कान 98.73, दिव्यांशु 98.62, श्वेत 98.48, कपिल 98.40, रितिका 98.38, साहिल सैनी 98.28, सिद्धार्थ 98.20, मोहित 97.97, अनुज 97.81, प्रियांशी 97.69, विनित 97.69, दिव्या, 97.69, एंजल 97.48, भावेश 97.48, मिलन 97.08, साहिल 96.69, अंकित 96.69, गाव्यांशी 96.42, अंकित 96.07, त्रिपति 95.99, प्रिंस 95.95, गीतिका 95.15 आदि विद्यार्थी रहे। वहीं 90 परसेंटाइल से ऊपर छविकांत 94.95, दीक्षा 94.74, पीयूष 94.52, यथार्थ रतन 94.24, अमन 94.16, अमन राज 93.88, ऋषभ 92.95, हर्ष 93.53, विवेक 93.37, पुरूषोतम 92.74, शिवानी 92.12, कुणाल 92.01, कुमकुम 91.97, कल्पना 91.91, लोकेश 91.78, अभिजीत 91.41, योगेश 91.76, नवनीत 91.61, राहुल 91.34, आर्यन 90.38, योगेश 90.62, रूपेश 90.52, रिया 90.41, मयंक 90.15, साक्षी 90.10, प्रियांशु 90.05, गरिमा 90, रक्षित शामिल रहे। गुरप निदेशक विजय सिंह यादव व फाउंडर डायरेक्टर राजेन्द्र सिंह, वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, वाइस चेयरपर्सन संगीता यादव व प्राचार्य पवन कुमार ने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ग्रुप के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने सभी विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि इंजीनियर बनकर एक सुदृढ़ समाज की स्थापना करेंगे।

# हनुमान मार्किट में लगाया भंडारा

- संकट मोचन हनुमान भण्डारा समिति ने किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

संकट मोचन हनुमान भण्डारा समिति ने माल गोदाम रोड, हनुमान मार्किट, संकट मोचन हनुमान जी की प्रतिमा के पास चौथा चाय व पकौडे के भण्डारे का आयोजन किया गया। भण्डारे का शुभारंभ रमेष गर्ग आढती ने भगवान हनुमान जी सभी देवी देवताओं, जन देवता पर प्रसाद चढाकर किया। यह भण्डारा हनुमान मार्किट के दुकानदारों के सहयोग से लगाया जाता है। आज इस भण्डारे में करीब 2000 भक्तो द्वारा प्रसाद ग्रहण किया गया। स्मरण रहे कि संकट मोचन हनुमान भण्डारा समिति प्रति मास प्रत्येक पूर्णमासी को इस भण्डारे का आयोजन करती है। पांचवा भण्डारा दिनांक 15 मार्च को एकम के दिन होगा। इस मौके पर अखिल भारतीय हिन्दू महासंघ के अध्यक्ष सतपाल गुप्ता ने बताया कि यह हमारे लिए परम सौभाग्य की बात है कि हम यह आयोजन कर रहे है इस आयोजन से धार्मिक भावनाओं को प्रगति मिलती है अपितू आपस में भाई चारे की भावना भी बढती है। इस भंडारे में किसी प्रकार की बिना किसी जात पात, ऊंच नीच सभी प्रसाद ग्रहण करते है। इस अवसर पर रविन्द्र गोयल, सोनू गोयल, मोहित सिंगला, राजेश सिंगला, संजय सिंगला, पवन शर्मा, सतपाल मंगला, रमेश आढती, सतपाल गुप्ता, जितेन्द्र बंसल, सोमदत्त कोषिक, ताराचंद गोयल, प्रेम चंद गोयल, ईष्वर दास अरोडा, विक्रम गोयल, नवीन गर्ग, विषाल मित्तल, ज्ञानचंद भल्ला, कपूर चंद गोयल इत्यादि उपस्थित थे।



**कैथल।** भंडारे में प्रसाद लेते श्रद्धालु

# आरपीएस की हर्षि ने 99.99 पर्सेंटाइल पाकर रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हाल ही में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित जेईई मेन के परीक्षा परिणामों में आरपीएस ग्रुप के 51 विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल व इससे अधिक अंक प्राप्त कर एक नया किर्तिमान रचा।

- जेईई मेन का परीक्षा परिणाम घोषित

आरपीएस की हर्षि ने 99.99, परसेंटाईल, छवी यादव ने 99.92 परसेंटाईल, सुजल व पियुष ने 99.86 परसेंटाइल प्राप्त कर अंको की सर्वश्रेष्ठता का शिखर छुआ। वहीं आरपीएस की हर्षि एवं अनुज ने फिजिक्स में 100 पर्सेंटाइल प्राप्त कर पूरे भारत में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन की अमिट छाप छोड़ी। वहीं मैथ्स में छवि ने 99.99, हर्षि ने 99.98, इशान ने मैथ्स व फिजिक्स में 99.96 पर्सेंटाइल, तनिष्क व कार्तिक ने फिजिक्स में 99.96 पर्सेंटाइल, केमेस्ट्रि में हर्षि ने 99.98 पर्सेंटाइल प्राप्तकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। आरपीएस ग्रुप के सीईओ इंजी मनीष राव ने बताया की हर्षि ने 99.99 परसेंटाइल, छवी यादव ने 99.92, सुजल ने 99.86, पियुष ने 99.86, हर्षित राय ने 99.80, इसान अफरिया ने 99.79, प्रणव कुमार ने 99.78, रिदम ने 99.77, दिव्यांशी तेवतीया ने 99.77, गुणादित्य संधू ने 99.77, चितवन ने 99.75, प्रियांशु ने 99.75, कृष ने 99.74, अनुज ने 99.69, याशिका ने 99.60, ललित ने 99.58, सुमित पहल ने 99.55, कार्तिक ने 99.52, कृष ने 99.52, श्रुति ने 99.52, द्वितिया गर्ग ने 99.51, मान्यु यादव ने 99.51, वंश ने 99.46, शुभम ने 99.46, विवान राव ने 99.42, विनय ने 99.42, लक्षिका ने 99.38, श्रेयांश रावत ने 99.38, अन्नुश्री शर्मा ने 99.37, दिव्यम ने 99.35, दिपांशु ने 99.34, सिद्धार्थ ने 99.34, मानस झा ने 99.32, अंकित गौतम ने 99.29, गुलशन कुमार ने 99.29, मानव चैधरी ने 99.29, निखिल ने 99.26, रिजुल ने 99.20, प्रियांशु ने 99.19, मोहित यादव ने 99.15, रेनित राव ने 99.14, प्रियांशु ने 99.14, गौरव सांगवान ने 99.03, हरमित खुराना ने 99, समर्थ ने 99 व रितू यादव ने 99 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव एवं डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने प्राध्यापकों के मार्गदर्शन व बच्चों की कड़ी मेहनत की सराहना की।



**महेंद्रगढ़।** सराहनीय परीक्षा परिणाम आने पर खुशी मनाते स्कूल के विद्यार्थी।

# छात्रों को पढ़ाया नशे से दूर रहने का पाठ

**कैथल।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा प्रतिदिन साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए एक स्थान से दूसरे स्थान तक नशा मुक्ति का सन्देश पहुंचा रहे हैं। चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत ग्राम सलीमपुर में 7 दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर शिविर संयोजक डॉ. मीना रानी की अध्यक्षता में लगाया गया जिसमें मंच का संचालन डॉ. कमलेश ने किया। यह कार्यक्रम श्री च्यवन ऋषि आश्रम में हुआ। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा नशे के विरुद्ध व्याख्यान दिया गया। उन्होंने कहा कि नारी राष्ट्र की नेत्री है और नारी का स्थान बहुत महान है। आज नशे की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। इसमें नारी की भूमिका बहुत अधिक महत्वपूर्ण हो सकती है क्योंकि वो परिवार के साथ साथ समाज और राष्ट्र को दिशा दिखाने में सक्षम है। उन्होंने नशे के विरुद्ध व्याख्यान में कहा कोई भी व्यक्ति हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर अथवा 1933 पर अथवा टअठअर पर नशे के विरुद्ध गुप्त सूचनाएं दे सकते हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत नारी शक्ति के महत्व पर अलग से प्रकाश डालते हुए डॉ. वर्मा ने कहा कि यह परिवार की धुरी है। कार्यक्रम के अंत में शपथ ग्रहण करवाई। विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई।

# पुलिस ने विद्यार्थियों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

समाज को विभिन्न मुद्दों पर जागरूक करने के एसपी राजेश कालिया के निदेर्शानुसार चलाई जा रही मुहिम तहत दुर्गा शक्ति इंचार्ज एएसआई श्वेता की टीम द्वारा आईजी स्कूल कैथल में विद्यार्थियों को महिला विरुद्ध अपराधों, डायल 112, ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम और दुर्गा शक्ति ऐप के संबंध में जागरूक किया गया। पुलिस टीम द्वारा जानकारी दी गई कि आज महिलाओं के खिलाफ छेड़खानी, बलात्कार, यौन उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, दहेज हत्या और महिला तस्करी इत्यादि अपराध हो रहे हैं, जिनसे महिलाओं की सुरक्षा के लिए बहुत से कानून तो बनाए ही गए हैं, इनके साथ-साथ मुसीबत में फंसी महिलाओं की तुरंत सहायता के लिए दुर्गा शक्ति ऐप व दुर्गा शक्ति फोर्स भी तैयार की गई है। जो सुचना मिलते ही जल्द से जल्द मौके पर पहुंचकर पिड़िता को सुरक्षा मुहैया करवाती है। इसके अतिरिक्त पढ़ाई करनी वाली छात्राएं व कामकाजी महिलाओ को सुरक्षित उनके घर पर पहुंचाने के लिए हरियाणा पुलिस द्वारा ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम शुरू किया गया है। जो छात्राएं व महिलाएं देर रात सुरक्षित सफर करने के लिए 112 डायल करके पुलिस सहायता ले सकती है। उन्होंने छात्राओं से कहा कि सुरक्षा का सबसे बड़ा तरीका यह है कि यदि स्कूल या कॉलेज आते-जाते कोई उनका पिछा करता है या रास्ता रोकने की कोशिश करता है तो तुरंत इसकी सुचना दूर्गा शक्ति ऐप या 112 के माध्यम से पुलिस को दें, इस संबंध में आप अपने अभिभावकों या अध्यापकों को भी बताएं।



**कैथल।** विद्यार्थियों को जागरूक करती पुलिस टीम

# साधन सह योग्यता परीक्षा का परिणाम शानदार : बलबीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

खंड राजौंद का राष्ट्रीय साधन सह योग्यता परीक्षा का प्रोविजनल रिजल्ट शानदार रहा है। बलबीर कश्यप खंड शिक्षा अधिकारी एवं खंड संसाधन संयोजक राजौंद ने बताया कि हरियाणा शिक्षा बोर्ड ने राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा का प्रोविजनल परिणाम घोषित कर दिया है। इस छात्रवृत्ति के लिए पूरे हरियाणा प्रदेश से 48543 बच्चों ने यह परीक्षा दी थी जिसमें 2337 बच्चे चयनित हुए हैं। परीक्षा में पास हुए विद्यार्थियों को अब चार साल तक प्रति माह एक हजार रुपए की छात्रवृत्ति मिलेगी।

- छात्रवृत्ति के लिए पूरे हरियाणा से 48543 बच्चों ने दी थी परीक्षा

विद्यार्थियों ने 17 नवंबर को परीक्षा दी थी जिसका प्रोविजनल परिणाम शिक्षा विभाग ने घोषित कर दिया है। अब इन विद्यार्थियों के डॉक्यूमेंट वेरीफाई किए जाएंगे। परीक्षा को लेकर ऑनलाइन आवेदन लिए गए थे। विभाग की ओर से आरक्षण अनुसार छात्रवृत्ति दी जानी है। परीक्षार्थी के माता.पिता की कुल वार्षिक आय तीन लाख पचास हजार से कम होनी चाहिए। चयनित विद्यार्थियों को जिला स्तर पर आरक्षण के अनुसार छात्रवृत्ति दी जाएगी। कैथल जिले से कुल 130 होनहार एवं मेधावी छात्राओं का चयन इसमें हुआ है।

खंड राजौंद के कुल 7 विद्यालयों से 19 बच्चों ने यह परीक्षा पास की है जिसमें आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सौंगरी से नाव्या पुत्री यशदेव शर्मा पुत्र माया राम शर्मा नीमवाला, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सौंगरी गुलियाना से सरिचा खुशी पल्लवी प्रिया डिंपल और अंशु है। इसी प्रकार पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सौंगल से आशु कुसुम जन्नत अदिति और प्राची है।

राजकीय हाई स्कूल खेड़ी सिंबल वाली से दीपांशु राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रोहेड़ा से तमन्ना मानसी और निशु राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जखोली से शगुन माफी और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीर बांगड़ा से क्रिस्टी ने परीक्षा पास करके अपने माता पिता अभिभावकों विद्यालय स्कूल स्टाफ खंड राजौंद और कैथल जिले का नाम रोशन किया है। ब्लाक शिक्षा अधिकारी बलबीर सिंह कश्यप ने सभी सफल परीक्षार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। यह परीक्षा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जाती है।

## एवरेस्ट स्कूल बरसाना में फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया

# 12वीं की कृतिका चुनी गई मिस फेयरवेल

- 12वीं के विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह व शिक्षकों को दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

एवरेस्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल बरसाना में कक्षा 12वीं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने मेजबानी करते हुए कक्षा 12वीं को फेयरवेल पार्टी के माध्यम से आमंत्रित किया। कार्यक्रम का आयोजन स्कूल प्रांगण में किया गया। अध्यक्षता स्कूल प्राचार्य पूर्ण चंद चुघ ने की। कक्षा 12वीं के उपस्थित समस्त विद्यार्थियों को स्कूल के एमडी जसमेर सिंह बत्तान ने आगामी परीक्षा के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी व भविष्य में सफलता के शिखर छूने का शुभ आशीर्वाद प्रदान किया। समारोह का मुख्य उद्देश्य आपसी तालमेल को बढावा देना और स्कूल में बिताए अपने अनुभवों को अपने सहपाठियों व शिक्षक वर्ग के साथ साझा करना होता है।

कार्यक्रम में कक्षा 11वीं ने 12वीं के सभी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह व सभी शिक्षकों को भी उपहार प्रदान कर सम्मानित किया। सभी विद्यार्थी वर्ग ने संगीत की धुनों पर नृत्य के माध्यम से अपनी खुशी के लम्हों को पंख लगा दिए। इस कार्यक्रम में विद्यार्थी वर्ग के द्वारा हरियाणवी गीत व कविताओं के साथ-साथ हरियाणवी-पंजाबी धुनों पर नृत्य व स्किट प्रस्तुत की गई। इन सभी कार्यक्रमों के माध्यम से कृतिका 12वीं विज्ञान संकाय को मिस फेयरवेल चुना गया। शिक्षक वर्ग भी इस समारोह में गीतों की धुनों पर थिरकते नजर आया। कार्यक्रम के पश्चात प्रीतिभोज का आयोजन भी किया गया। स्कूल प्राचार्य पूर्ण चंद चुघ व उप-प्रधानाचार्य प्रोफेसर नरेश काकौत ने कार्यक्रम के अंत में अपने लक्ष्यों तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया।



**पूंडरी।** एवरेस्ट स्कूल बरसाना में आयोजित फेयरवेल पार्टी में भाग लेते हुए छात्र व स्टाफ सदस्य।

**राजकीय प्राथमिक पाठशाला**
**गांव-झमोला (जींद)**

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय प्राथमिक पाठशाला झमोला खण्ड जुलाना (जींद) 13468 में लोहे के कंडम सामान की नीलामी निश्चित हुई है। नीलामी दिनांक 20 फरवरी 2025 को समय 10:00 बजे होगी। नियम व शर्तें उसी समय बता दी जाएंगी।

हस्ता/-मुख्याअध्यापिका
राजकीय प्राथमिक पाठशाला
झमोला (जींद) 13468

## खबर संक्षेप

### रास्ता रोककर युवती से की छेड़छाड़, तीन नामजद

**कैथल।** पूंडरी थाना के तहत आने वाले एक गांव में तीन युवकों ने रास्ता रोककर एक युवती से छेड़खानी का मामला सामने आया है। इस मामले में पहले आरोपियों ने युवती का मोबाइल छीना और फिर पासवर्ड बताने के लिए युवती पर दबाव बनाया। इस मामले में युवती ने घर पहुंचकर परिजनों को घटना के बारे में बताया। इसके बाद युवती की शिकायत पर पूंडरी थाना में तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पूंडरी थाना में दी गई शिकायत में पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव में उसके दादा-दादी अलग घर में रहते हैं। जबकि उनका परिवार दूसरे घर में रहता है। 11 फरवरी की शाम वह अपनी दादी के पास गई थी। जब वह वापस आ रही थी तो युवराज नाम के आरोपी ने दो अन्य युवकों के साथ उसका रास्ता रोक लिया। आरोपी उसके साथ जबरदस्ती छेड़खानी करने लगे।

### गाड़ी की चपेट में आने से बुलेट चालक घायल

कैथल। गांव सोंगल में एक गाड़ी की चपेट में आने से बुलेट चालक घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव सोंगल के अमित कुमार ने राजौंद पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 9 फरवरी को शाम के समय जब वह गांव से अपनी बुलेट बाइक पर स्सवार होकर जा रहा था तो एक अज्ञात कार चालक ने उसे अपनी चपेट में लेकर घायल कर दिया। एएसआई राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कॉलोनी से लड़की लापता, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत थर्मल पावर प्लांट के पास की एक कॉलोनी से 19 वर्षीय युवती संदिग्ध हालात में लापता हो गई। परिजनों ने लड़की की हर संभावित स्थल पर तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। इधर, लड़की के पिता की शिकायत पर थाना मतलौडा पुलिस ने केस दर्ज कर लड़की की तलाश शुरू कर दी है।

## स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनसंख्या नियंत्रण को लेकर चलाया जा रहा अभियान

# आज भी परिवार नियोजन का जिम्मा महिलाओं पर

- स्वस्थ मां, स्वस्थ बच्चा जब पति का हो परिवार नियोजन में योगदान अच्छा स्लोगन के तहत काम कर रहा स्वास्थ्य विभाग
- परिवार नियोजन के लिए पुरूष भी आएं आगे, स्वास्थ्य विभाग दे रहा प्रोत्साहन राशि : डा. भोला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनसंख्या नियंत्रण को लेकर तीन फरवरी से 15 फरवरी तक नसबंदी-नलबंदी का अभियान चलाया रहा है। अभियान के तहत अबतक कुल 80 रजिस्ट्रेशन हुए हैं। जिसमें 70 महिलाएं नसबंदी व केवल दस पुरूष ही नलबंदी करवाने के लिए आगे आए हैं। ऐसे में हर बार की तरह इस बार भी परिवार नियोजन में महिलाएं ही अपनी भागीदारी बढ़चढ़ कर निभा रही हैं। हालांकि स्वास्थ्य विभाग इस अभियान में नसबंदी-नलबंदी करने के अलावा आमजन को परिवार नियोजन के लिए जागरूक भी कर रहा है ताकि जनसंख्या पर नियंत्रण लगाया जा सके। बाकायदा स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा पंपलेट वितरित किए जा रहे हैं ओर जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूक भी किया जा रहा है लेकिन पुरूषों की बजाए महिलाएं ही परिवार नियोजन के लिए आगे आ रही हैं। प्रचार-प्रसार के दावे के बाद भी स्वास्थ्य विभाग पुरुषों को जागरूक नही कर पा रहे हैं। इसके चलते नसबंदी में पुरुषों की भागीदारी पांच प्रतिशत से कम रहती है।


जींद। नागरिक अस्पताल में गायनी वार्ड में उपचार के लिए आई महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

**स्वस्थ मां, स्वस्थ बच्चा जब पति का हो परिवार नियोजन में योगदान अच्छा :** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनसंख्या नियंत्रण के लिए स्वस्थ मां, स्वस्थ बच्चा जब पति का हो परिवार नियोजन में योगदान अच्छा स्लोगन का प्रयोग किया जा रहा है। इसके लिए एनएसवी स्वीकारक को दो हजार व प्रेरक को 300 रुपये की राशि दी जाती है। लाभार्थी को अपना बैंक पासबुक व आधार कार्ड की फोटोप्रति लानी होती है। पहले रजिस्ट्रेशन किया जाता है और फिर आप्रेशन किया जाता है। बिना चीरे तथा बिना टांके के पुरूष नसबंदी होती है। गुरूवार को इसी को लेकर नागरिक अस्पताल में स्पेशल कैंप का भी आयोजन किया जा रहा है।

### परिवार नियोजन के लिए पुरूष भी आएं आगे, स्वास्थ्य विभाग दे रहा प्रोत्साहन राशि : डा. भोला

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि नसबंदी करवाने के अनेक फायदे हैं। इससे शरीर के किसी भी उत्तक को कोई नुकसान नही होता है। यह प्रक्रिया बहुत सुरक्षित है। शल्य चिकित्सकीय पेचीदगी बिल्कुल नही है। व्यक्ति को किसी प्रकार का कोई दर्द नही होता है और शीघ्र स्वास्थ्य लाभ होता है। इसमें व्यक्ति की किसी तरह की शक्ति भी क्षीण नही होती है और न ही कामोतेजना में कोई कमी आती है। स्वास्थ्य विभाग प्रोत्साहन राशि भी दे रहा है।

### किया जा रहा जागरूक : डा. पालेराम


नागरिक अस्पताल के कार्यवाहक सीएमओ डा. पालेराम कटारिया ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग आमजन को परिवार नियोजन के संसाधनों के इस्तेमाल करने के प्रति भी जागरूक कर रहा है। ज्यादातर कपल या नव दंपती पर विभाग का अधिक फोकस है। पंपलेट, बैनर वितरित करवाए जा रहे हैं। परिवार नियोजन के प्रति पुरुषों को भी अहम भुमिका निभानी चाहिए।

## अंडरपास के लिए भिवानी रोड दो साल से बंद

# दर्जनों कालोनियों के हजारों लोग प्रभावित, दुकानदारों के काम ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद विकास संगठन के अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल ने कहा कि भिवानी रोड पर रेलवे अंडरपास का निर्माण कार्य पूरा होते-होते दो साल हो गए हैं लेकिन अभीतक यह निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है। एक छोटे से अंडरपास के लिए एक पूरे रोड को ही दो साल से बंद करके रख दिया गया है। जिसके चलते दर्जनों कालोनियों के हजारों लोग प्रभावित होकर रह गए हैं वहीं सैंकड़ों दुकानदारों के काम धंधे ठप हो गए हैं। यह कहीं भी देखने को नही मिलता है कि एक छोटे से अंडरपास के लिए दो-दो साल से एक पूरा रोड ही बंद करके रख दिया जाए। फिलहाल इस रोड की सुध लेने वाला कोई नही हे।


जींद। जींद-भिवानी रोड अंडरपास को जल्द बनाने की मांग करते राजकुमार गोयल। फोटो : हरिभूमि

राजकुमार गोयल, राजकुमार भोला, सावर गर्ग ने कहा कि दिसंबर 2022 में इस अंडरपास का निर्माण कार्य शुरू किया गया था। जिससे मार्च 2024 तक पूरा किया जाना था। मार्च 2025 आने को है लेकिन अभी तक यह निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है। भिवानी रोड दो साल से बंद है। ऐसे में भिवानी रोड पर जाने वाले लोगों को रोहतक रोड बाईपास से होकर भिवानी रोड बाईपास के रास्ते से होकर जाना पड़ता है। जिसमें समय की काफी बबार्दी होती है। इतना ही नही भिवानी रोड बंद होने की वजह से आसपास के सैकड़ों दुकानदारों के काम धंधे भी ठप हो कर रह गए है। आम लोग इस रास्ते से आ-जा नही पा रहे हैं। जिसकी वजह से दुकानों पर कोई काम नहीं रहा। गोयल का कहना है कि देवीलाल चौक से लेकर भिवानी रोड बाईपास तक के इस क्षेत्र में दर्जनों कालोनियां आती हैं। जिसमें अजमेर बस्ती, खेमनगर, बाल आश्रम बस्ती, भूपेंद्र नगर, गुप्ता कॉलोनी इत्यादि कॉलोनी शामिल हैं। इन कालोनियों में 15 हजार से ज्यादा लोग रहते हैं। ये सब लोग इस अंडरपास से जुड़े हैं। अंडरपास पूरा न होने की वजह से ये सब लोग भारी परेशान हैं। गोयल ने प्रशासन और सरकार से मांग की है कि इस रोड की सुध ली जाए और जल्द से जल्द इस निर्माण कार्य को पूरा करवाया जाए।


जींद। पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह।

# कांग्रेस का संगठन मजबूत होता तो भाजपा बीस से नीचे रहती हरियाणा में : बीरेंद्र सिंह

- कांग्रेस लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए चलाएगी महाअभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस वरिष्ठ नेता बीरेंद्र सिंह ने कहा कि अगर हरियाणा में कांग्रेस का संगठन मजबूत होता तो भाजपा की 20 सीटें भी नही आती। अब कांग्रेस लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए महा अभियान चलाने की तैयारी कर रही है और संगठन को मजबूत कर रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस वरिष्ठ नेता बीरेंद्र सिंह वीरवार को रविदास धर्मशाला में रविदास जयंती पर मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री के साथ हरियाणा लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य जय भगवान गोयल, रविदास धर्मशाला के प्रधान राजेश पहलवान मौजूद थे। हरियाणा के मंत्री अनिल विज द्वारा दिए गए बयान की अधिकारी उनकी सुनवाई नहीं करते और उसके बाद प्रदेश भाजपा द्वारा उन्हें कारण बताओं नोटिस जारी करने के मामले में बोलते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार में केवल एक ही व्यक्ति है जो सच बोलता है। बीरेंद्र सिंह ने कहा कि मणिपुर में पिछले काफी समय से अव्यवस्था का आलम था और वहां कुछ भी ठीक नहीं चल रहा था। बात सरकार से बाहर की हो गई थी। मुख्यमंत्री का इस्तीफा दिला कर

# नस्ल बचाओ, फसल बचाओ को लेकर कार्यक्रम 18 को

- आर्ट ऑफ लिविंग के अध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकर का सानिध्य होगा प्राप्त : नरेश जागलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आर्ट ऑफ लिविंग हरियाणा टीम के सदस्य नरेश जागलान ने कहा कि आर्ट ऑफ लिविंग के अध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकर का मानना है कि कृषि हमारी रीढ़ है और सतत कृषि विकास के माध्यम से ही किसानों की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति में सुधार लाया जा सकता है। इसलिए गुरु श्रीश्री रविशंकर के मार्गदर्शन में अध्यात्मिक संगम नस्ल बचाओ, फसल बचाओ विशेष कार्यक्रम आयोजित होगा। यह कार्यक्रम किसानों और ग्रामीण समुदाय के उत्थान के लिए समर्पित होगा। कार्यक्रम किसानों को सशक्त बनाने, प्राकृतिक और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने और ग्रामीण जीवन स्तर को ऊंचा उठाने पर केंद्रित रहेगा।


जींद। पत्रकारों से बातचीत करते हुए नरेश जागलान।

आर्ट ऑफ लिविंग हरियाणा के आयोजक नरेश जागलान बुधवार को निजी होटल में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि आर्ट ऑफ लिविंग के अध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकर 18 फरवरी को जींद में आयोजित आध्यात्मिक संगम में भाग लेंगे। कार्यक्रम का आयोजन सैक्टर सात के श्रीधाम नगर में होगा। जागलान ने कहा कि छोटे लालच में अपनी औलाद और फसल का नुकसान न करें। उन्हें संस्कारी बनाएं ताकि यह कहावत चरितार्थ हो कि जैसा अन्न वैसा मन। जागलान ने कहा कि अध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकर की प्रेरणा से आज लाखों किसान प्राकृतिक कृषि, जल संरक्षण, जैविक खाद्य उत्पादन और ग्रामीण सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। गुरूजी का मिशन जैविक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना, किसानों को आत्मनिर्भर बनाना, पारंपरिक कृषि तकनीकों को आधुनिक विज्ञान से जोड़ कर उत्पादन बढ़ाना तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखना और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण है। जागलान ने बताया कि आर्ट ऑफ लिविंग ऐसा मंच है जो धार्मिकता के साथ-साथ सांस्कृतिक विरासत व हैरिटेज को बचाने का काम कर रहा है। जो कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है उसमें सत्संग, सेवा, खेल और ग्रामीण क्षेत्र में काम करने वाले किसानों का समायोजन होगा। अंतरराष्ट्रीय स्तर के ओलंपिक खेलों

### वैलेंटाइन डे को लेकर पुलिस हुई सतर्क

**कैथल।** शहर में 14 फरवरी को मनाए जाने वाले वैलेंटाइन डे को लेकर पुलिस चौकस हो गई है। इसके तहत बुधवार को विशेष अभियान चलाया। इस दौरान छात्राओं की सुरक्षा को लेकर शरारती तत्वों पर शिकंजा कसने की कवायद शुरू की गई है। इस दौरान लेकर कोचिंग सेंटरों और अन्य शिक्षण संस्थानों के बाहर सुरक्षा बढ़ाई है। इसको लेकर पुलिस के करीब 55 जवानों को विभिन्न शिक्षण संस्थानों के बाहर तैनात किया गया। इसके साथ ही वहां पर आने-जाने वाले छात्र-छात्राओं को समझाया गया कि वे किसी भी प्रकार की घटना होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। जिला यातायात थाना प्रभारी राजकुमार ने बताया कि कुछ शिक्षण संस्थानों से उनके पास शिकायतें आ रही थी। छात्राएं बता रही थी कि कुछ मनचले उन्हें वैलेंटाइन डे को चलते परेशान कर रहे हैं। कोई उन्हें गुलाब देने के लिए कहता है तो कोई अन्य तरीके से परेशान करता है। इस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तुरंत शिक्षण संस्थानों के बाहर कर्मचारियों को तैनात किया। छुट्टी होने तक ये कर्मचारी वहीं रहे।

# 400 मीटर दौड में अंकुश रहा प्रथम

## नेहरू युवा केंद्र ने करवाई खेल प्रतियोगिता


पूंडरी। नेहरू युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी दीक्षा मिश्रा और एसआई रामपाल खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए

हरिभूमि न्यूज:पूंडरी

नेहरू युवा केंद्र कैथल के तत्वाधान में विभिन्न युवा एवं युवती मंडलों के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का इंडोर स्टेडियम पूंडरी में आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे सब-इंस्पेक्टर रामलाल ने किया। उन्होंने कहा कि खेलहमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह हमें स्वस्थ रखने के साथ-साथ मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास का भी माध्यम है।इसके साथ-साथ यह हमे नशे से भी दूर रखता है इसलिए आज के समय की मांग है कि हम अपने व्यस्त जीवन शैली से कुछ वक्त निकलकर कुछ समय खेलकूद या किसी अन्य शारीरिक गतिविधियों को भी दे कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला युवा अधिकारी दीक्षा मिश्रा ने बताया कि विभाग के निदेर्शानुसार युवाओं में खेलकूद की गतिविधियों को बढ़ावा देने व युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए खंड स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसके पश्च्यात अब जिला स्तर पर खंड स्तरीय प्रथम व द्वितीय विजेता प्रतिभागियों एवं टीमों ने भाग लिया। इस दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के प्रथम दिवस पर पुरुष वर्ग की वॉलीबॉल प्रतियोगिता , 400 मीटर रेस, लॉन्गजम्प आदि खेल स्पधार्ओं का आयोजन हुआ। जिसके तहत वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पूंडरी की टीम व द्वितीय स्थान बरोट की टीम ने प्राप्त किया। 400 मीटर पुरुषों की रेस में प्रथम स्थान हरसोला गाँव से अंकुश, द्वितीय स्थान कसान गांव से प्रिंस व तृतीय स्थान सांच गाँव से सौरभ ने प्राप्त किया। वहीं लॉन्गजम्प में प्रथम स्थान अंकुश, द्वितीय स्थान संदीप व तृतीय स्थान नकुल ने प्राप्त किया। इस अवसर पर न्यू लिटिल स्टार स्कूल के डायरेक्टर वीरेंदर, वॉलीबॉल कोच करमबीर, कोच संजीव, कोच जोगिन्दर खुराना, कोच सतीश, कोच प्रदीप कसान, फोजी धर्मबीर, फोजी बलबीर, नरेश सांच, एम.टी.एस. प्रदीप, दिनेश, गरिमा, अंजलि, गुरप्रीत, गौरव, मीनू, कविता आदि मौजूद रहे।

### पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान और दान से पापों से मुक्ति मिलती है: बालमुकुंद



**पूंडरी।** गीता भवन पूंडरी में माघ पूर्णिमा की कथा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य यजमान के रूप में मुकेश मंगल पत्नी मोनिका मंगल व प्रदीप मंगल पत्नी सुनीता मंगल व कौशल मंगल पत्नी ममता मंगल व संदीप मंगल पत्नी दीपता मंगल ने भाग लिया। कथावचक पंडित बालमुकुंद ने कहा कि माघ पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान, दान और भगवान सत्यनारायण की कथा सुनने का विशेष महत्व होता है। माघ पूर्णिमा के दिन भगवान विष्णु, मां लक्ष्मी और चंद्रदेव की पूजा करने का विशेष महत्व होता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन गंगा स्नान और दान करने से सभी तरह के पापों से मुक्ति मिल जाती है। ऐसा कहा जाता है इस दिन देवता भी गंगा में स्नान करने आते हैं। महाकुंभ के दौरान माघ पूर्णिमा के दिन दान का विशेष महत्व होता है. अन्न, वस्त्र, तिल, गुड़, घी, कंबल और अन्य आवश्यक वस्तुएं दान करने से अक्षय पुण्य प्राप्त होता है। इस मौके पर प्रबंधक एडवोकेट महेश मंगल, संतोष राज बंसल, मतीश गर्ग, सविता बंसल भी मौजूद थे।

### कलायत के किसान चौक पर लगी बैलों की मूर्ति की खंडित, भाकियू में बना रोष



**कैथल।** कैथल। हरियाणा में कलायत के पास जो किसान चौंक पर दो बैलों की जोड़ी की मूर्ति लगी हुई हैं। उस मूर्ति के साथ शरारती लोगों ने छेड़छाड़ करके देश के किसानों का अपमान किया है। कैथल प्रशासन इन देश के गद्दारों को जल्दी से जल्दी गिरफ्तार करके कानून कार्रवाई करें। हिंदुस्तान की तरक्की का रास्ता गांव के खेत खलिहानों से होकर गुजरता है। किसान यूनियन जींद के जिला प्रवक्ता रामराजी ढुल ने बताया कि उसने आकर देखा तो उन्होंने मूर्ति खंडित हुई मिली। उन्होंने कहा कि अगर इसके ऊपर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की तो वह आंदोलन तैयार करेंगे और जाम लगाने का काम करेंगे। इसके प्रति किसानों में आक्रोश है और समाज एकजुट होकर हाईवे जाम करने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि बैल हमारे अन्नदाता है और इनका अपमान करना कतई सहन नहीं होगा। उन्होंने कहा कि पुलिस को चाहिए कि ऐसा करने वाले की जांच करते हुए उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। यदि जिला प्रशासन द्वारा जल्द ही इस ओर सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो भाकियू आंदोलन करने को मजबूर होगी।

**घर से जेवर व 10 हजार की नगदी चोरी :पानीपत।** पानीपत के वार्ड 11 निवासी किरण के घर से चोरों ने उनमें से 15 ग्राम वजनी सोने की चेन, 2 ग्राम का लोकेट, 5 ग्राम के टॉप्स, चांदी की पायल और 10 हजार की नगदी चोरी कर ली। घटना के समय किरण अपनी पुत्री के निवास पर गई हुई थी। इधर, किरण की शिकायत पर थाना किला पुलिस ने अज्ञात लोगों पर चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### सर छोटू राम की प्रतिमा स्थापित

**कैथल।** कैथल के पिहोवा चौक के निकट समाज के लोगों द्वारा बुधवार को नवनिर्माणाधीन चौक पर सर छोटू राम की प्रतिमा स्थापित की। इस अवसर पर समाज के लोगों द्वारा मिठाइयां भी बांटी गई। समाज के लोगों ने मेरा राम, छोटू राम के नारे भी लगाए।

## देशभक्ति व हरियाणवी गीतों पर मचाई छात्राओं ने धूम

# कन्या गुरुकुल में मनाया 48वां वार्षिकोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

कन्या गुरुकुल में वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। समारोह में हरियाणवी, देशभक्ति गीतों पर छात्राओं ने प्रस्तुती दी। नाटक के माध्यम से सामाजिक बुराइयों पर कटाक्ष किया गया। इस अवसर पर होनहार विद्यार्थी जिन्होंने पढ़ाई, खेलों एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया उन्हें सम्मानित किए गया। कार्यक्रम में आरोग्यम अस्पताल की टीम ने लगभग 200 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्रधान महेंद्र लाठर ने की। मुख्यातिथि में रूप में विधानसभा के रोहतक के सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने शिरकत की। पढ़ाई में मेरिट व अन्य गतिविधियों में भाग लेने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। नाटक के माध्यम से कन्या भ्रूण हत्या पर कटाक्ष किया गया और बताया गया कि लड़की लड़कों से किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है। यह तो केवल सोच का फर्क है। सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अवश्य भाग लेना चाहिए। इससे बच्चों में छुपी प्रतिभा का विकास होता है। समाज में फैली दहेज हत्या, कन्या भ्रूण हत्या व नशा जैसी बुराइयों को समाज से उखाड़ फैंकने का आह्वान करते हुए दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि यह बुराइयों समाज को खोखला कर रही हैं। युवा वर्ग आगे आकर इन बुराइयों से समाज को बचा सकता है। इस अवसर पर बरोदा के विधायक इंदूराज नरवाल, वेदपाल लाठर, सत्यनारायण, बलवान सिंह, समाजसेवी समुंद्र लाठर, रोहित दलाल, डा. योगेश नांदल मौजूद रहे।



जींद। कार्यक्रम में प्रस्तुती देते हुए छात्राएं तथा कार्यक्रम में मौजूद मुख्यातिथि व अन्य। फोटो : हरिभूमि